भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1131
(जिसका उत्तर सोमवार दिनांक 29 जुलाई, 2024/07 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाना है)

दिल्ली में सिविल सुविधाओं के लिए आबंटित धनराशि

1131. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी:

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा प्रगति मैदान सुरंग, प्रगति मैदान में भारत मंडपम और द्वारका में यशोभूमि के निर्माण के लिए आबंटित निधियों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) वर्ष 2022-23 और 2023-24 के दौरान सरकार द्वारा आवास, सड़क और परिवहन, शिक्षा, पुलिस, स्वास्थ्य, एनडीएमसी, डीडीए, छावनी बोर्ड और दिल्ली सरकार के कर्मचारियों की पेंशन पर कुल कितना व्यय किया गया?

<u>उत्तर</u>
वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) केंद्रीय सरकार द्वारा अब तक आबंटित की गई निधियों का ब्यौरा निम्नलिखित तालिका में दिया गया है:

प्रगति मैदान सुरंग	923.16 करोड़ रुपए*
प्रगति मैदान में भारत मंडपम	शून्य
द्वारका में यशोभूमि	2442.39 करोड़ रुपए
* 923.16 करोड़ रुपए में आईटीपीओ का 20% हिस्सा शामिल है।	

(ख) केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को विभिन्न प्रकार की सहायता प्रदान की जाती है। इनमें अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित शामिल हैं:-

विवरण (करोड़ रुपए)	वास्तविक **2022-23**	संशोधित अनुमान **2023-24**
मांग सं. 57 (दिल्ली को अंतरण)	960.49	1168.01
दिल्ली पुलिस	11786.09	12267.75
दिल्ली सरकार के कर्मचारियों की पेंशन	4182.80	4403.05

अन्य कार्यों के लिए, प्रदत्त सहायता संबंधी आंकड़ों का रखरखाव केंद्रीकृत रूप से नहीं किया जाता है।

*****